हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 305 देहरादून, मंगलवार, 30 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया 3

# केन्द्र सरकार के 9 साल सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 30 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजपुर रोड स्थित होटल में मीडिया से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की 09 साल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह 09 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए उनके नेतृत्व में योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पटल पर अलग पहचान बनी है। विदेश यात्राओं में जिस तरह उनका सम्मान होता है, यह हर एक भारतीय का सम्मान है। आज पूरी दुनिया भारत को नई आशाओं के रूप में देख रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में पिछले 09 सालों में उत्तराखंड में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। भारत माला परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल कनेक्टिविटी, शिक्षा, चिकित्सा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य हुए हैं। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपना हर क्षण देश सेवा के लिए समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार का पूरा ध्यान विकास के नवरत्नों पर है। इसमें पहला रत्न- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य, दूसरा रत्न- ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का कार्य, तीसरा रत्न- कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 16 मन्दिरों को शामिल किया गया है। चौथा रत्न- पूरे राज्य में होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जाना। पांचवा रत्न- राज्य में 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास, छठा रत्न- उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार, उधमसिंह नगर में एम्स का सेटलाइट सेंटर भी बनाया जा रहा है। सातवां रत्न- करीब 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना के कार्य किये जा रहे हैं। आठवां रत्न- ऋषिकेश-हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकास किया जा रहा है और नौवा रत्न- टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पिछले 09 सालों की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य अनेक क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किये। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 11.88 करोड़ लोगों को नल से जल, स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। देश में 48.27 करोड़ जन-धन खाते खोले गये, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 03 करोड़ से अधिक आवास दिये गये। देश में 37 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट बने हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रूपये सालाना दिये जा रहे हैं। सभी को सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कोविड काल में भारत ने दो स्वदेशी वैक्सीन बनाई, इससे भारतवासियों के अलावा अन्य देशों की मदद भी की गई। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी का देश में तेजी से विस्तार हुआ। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक विनोद चमोली, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, भाजपा के महामंत्री संगठन अजय कुमार, अश्विनी त्यागी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्य सेक्टर के अन्तर्गत जनपद देहरादून नगर निगम क्षेत्र लाडपुर स्थित रिंग रोड में रू. 500.32 लाख लागत की जलापूर्ति योजना, अमृत - 02 योजनान्तर्गत जनपद चम्पावत में रू. 946.63 लाख लागत की बनबसा नगर जलापूर्ति योजना, जनपद पौड़ी में रू. 2556.38 लाख लागत की सतपुली पेयजल योजना और जनपद चमोली में रू. 3245.00 लाख लागत की गौचर पेयजल योजना के पुनर्निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई।

मुख्य सचिव ने पेयजल योजनाओं के लिए पूरे शहरों के मास्टर प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में नई योजना और पुरानी योजना जो जोडने में समस्याएं नहीं आएंगी। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं में स्रोतों को स्थिर बनाए रखने के लिए तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने जनपद देहरादून में लाडपुर क्षेत्र की जलापूर्ति योजना में भविष्य ने शुरू होने वाली सोंग बांध गुरुत्व



आधारित योजना के अंतर्गत कनेक्शन आदि का प्राविधान सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि आमजन को दिए जाने वाले कनेक्शन के लिए जल संस्थान द्वारा न्यूनतम चार्ज आसान किश्तों में बिल के साथ जोडक़र लिया जाए। उन्होंने सभी योजनाओं के अंतर्गत मीटर अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि इससे पानी का दुरुपयोग कम होगा।

इस अवसर पर सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी एवं अपर सचिव उदयराज सिंह सहित अन्य विभागीय उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## मसूरी : सेल्फी के चक्कर में खाई में जा गिरा युवक, मौके पर मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड : आजकल सेल्फी लेने का क्रेज युवाओं से लेकर बुजुर्गों में खूब है। लेकिन पहाड़ों में सेल्फी लेते समय सावधानी बरतें। एक छोटी सी गलती जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। ऐसा ही एक हादसा देहरादून जिले से सामने आया है। यहां मसूरी- धनोल्टी मोटर मार्ग पर एक बाइक सवार युवक फोटो के चक्कर में गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक के दोस्त और स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुची। युवक को काफी मशक्कत के बाद गहरी खाई से निकाला गया और मसूरी के उप जिला चिकित्सालय लाया गया।

लेकिन तब तक देर हो चुकी थी क्योंकि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि रुद्रप्रयाग के जखोली विकासखंड के रहने वाले शुभम रावत अपने दोस्त राजेंद्र राणा के साथ मसूरी के जार्ज एवरेस्ट घूमने का प्लान बनाकर निकला था। लेकिन मसूरी पहुंचकर दोनों प्लान बदलकर धनोल्टी घूमने निकल गए।






कपलानी के पास उन्होंने बाइक रोकी और फोटो खींचने लगे। इसी दौरान युवक अनियंत्रित होकर बाइक सहित खाई में गिर गया और मौके पर ही उसकी जान चली गई। युवक को एम्बुलेंस से उपजिला चिकित्सालय भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक 25 साल की उम्र का है और देहरादून से मसूरी होते हुए अपने दोस्त के साथ बाइक से धनोल्टी घूमने के लिए जा रहा था।

# भारत का अनोखा मार्केट, सिर्फ महिलाएं लगा सकती हैं दुकान?


न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 मई : आज हम आपको देश के एक ऐसे मार्केट के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां सिर्फ महिलाएं काम करती हैं। यहां पुरुष दुकानदारों की एंट्री बैन है। मणिपुर की राजधानी इंफाल में यह अनोखा मार्केट है। इस मार्केट को इमा मार्केट या मदर्स मार्केट कहा जाता है। इसे महिलाएं संचालित करती हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि यह मार्केट महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाला एशिया का सबसे बड़ा मार्केट है। यहां लगभग 6,000 महिलाएं दुकान लगाती हैं।

इस मार्केट में पुरुष दुकानदारों की एंट्री बैन स्थानीय भाषा में मदर्स मार्केट को खैरबंद बाजार अथवा नुपी कैथल कहते हैं। महिलाएं यहां कई पीढ़ियों से दुकान लगाती हैं। इस मार्केट में हर तरह के सामान मिलते हैं। यहां हैंडीक्राफ्ट सामान से लेकर खिलौने, कपड़े, खाने का सामान, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सब्जियां, मसाले, मीट और घरों में इस्तेमाल होने वाले सामान बिकते हैं। कुछ लोगों ने साल 1948-52 के बीच मार्केट की जमीन को खाली करवाना चाहा था लेकिन यहां काम करने वाली महिलाओं ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया था।सबसे बड़ी बात यह है कि लंच के समय महिलाएं यहां इकट्ठा होती हैं और सामाजिक, आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करती हैं। इस मार्केट से पुरुषों का दूर-दूर तक वास्ता नहीं होता है। महिलाएं ही यहां का सारा काम करती हैं। आपको बता दें कि पहले यह मार्केट शेड्स में लगा करता था। बाद में इंफाल म्युनिसिपल काउंसिल ने इस जगह चार मंजिला इमारत बनवा दी। अब महिलाएं अपनी दुकानें इसी इमारत में लगाती हैं। मणिपुर के गजेटियर 1786 के अनुसार, यह मार्केट कई सौ साल पुराना है।

# अब मेकमाय ट्रिप से भी बुक कर सकेंगे GMVN के होटल




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 मई : गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) के होटलों में ठहरने वाले पर्यटक अब निजी एप के जरिए भी बुकिंग कर सकेंगे। पहले चरण में जीएमवीएन की ओर से कुछ चुनिंदा होटलों के एक-दो कमरों की बुकिंग की जिम्मेदारी निजी एप मेक माय ट्रिप को सौंपी है। इसके लिए जीएमवीएन और मेकमाय ट्रिप के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। अभी तक पर्यटक ऑफलाइन या विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही होटल की बुकिंग कर पाते थे। जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनोद गोस्वामी ने बताया, ट्रायल के तौर पर फिलहाल जखोली, रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ, चंबा, बड़कोट, ऋषिलोक, गुप्तकाशी आदि के होटलों के एक-दो कमरों की बुकिंग की जिम्मेदारी मेकमाय ट्रिप को दी गई है।

कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने का मकसद जीएमवीएन की आय में बढ़ोतरी करना है। आय में बढ़ोतरी होने के साथ रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी। अगर यह प्रयोग सफल हो जाता है तो आगे अन्य होटलों की बुकिंग भी मेकमाय ट्रिप को दी जाएगी। इस दौरान जीएम-वीएन की महाप्रबंधक विप्रा त्रिवेदी, महाप्रबंधक (पर्यटन) अनिल सिंह गब्र्याल, सहायक प्रधान प्रबंधक पर्यटन राकेश सकलानी समेत विभाग व कंपनी के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। चारधाम यात्रा में आ रहे छोटे ग्रुप को जीएमवीएन की टेंट कॉलोनी बहुत भा रही है। जीएमवीएन की ओर से यात्रा रूट पर करीब छह करोड़ रुपये की लागत से टेंट कॉलोनी तैयार की गई है। इस साल चारधाम यात्रा के लिए जीएमवीएन की ओर से खास तैयारियां की गई हैं। जहां एक ओर यात्रा रूट पर टेंट कॉलोनी को विकसित किया गया गया है।

वहीं करीब दो करोड़ रुपये की लागत से विभाग ने अपने होटलों का नवीनीकरण किया है। जिससे होटलों में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को आरामदायक आवास की सुविधा मिल सके। हालांकि तेज बारिश या बर्फबारी होने पर टेंट कॉलोनी नहीं लगाई जा रही है। जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनोद गोस्वामी ने बताया, छोटे ग्रुप को 2000 रुपये प्रति टेंट की दर से टेंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एक टेंट में चार लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। जबकि विभाग के 90 प्रतिशत होटल जून तक के लिए बुक हो चुके हैं। बुकिंग के आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि बीते साल की तरह इस साल भी रिकॉर्ड तोड़ तीर्थयात्री आ सकते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए ही जीएमवीएन ने यात्रा रूट पर टेंट कॉलोनी विकसित की है।

# इस गंभीर समस्या का शिकार बना सकती है विटामिन-डी की कमी, जानें इसके लक्षण ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 मई : शरीर के संपूर्ण विकास के लिए पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। अलग-अलग तरह के विटामिन्स और मिनरल्स हमारी सेहत के लिए काफी अहम होते हैं। शरीर में किसी भी विटामिन की कमी गंभीर समस्या का कारण बन सकती है। विटामिन-डी ऐसा ही एक जरूरी पोषक तत्व, जो शरीर के बेहतर विकास में अहम भूमिका निभाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी से कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। रिकेट्स ऐसी ही एक गंभीर समस्या है, जो शरीर में विटामिन-डी कमी से होती है। आमतौर यह समस्या बच्चों में देखने मिलती है। तो चलिए जानते हैं क्या है यह बीमारी और इसके लक्षण- रिकेट्स एक ऐसी स्थिति है, जिसमें विटामिन-डी की कमी के कारण हड्डियां नरम और कमजोर हो जाती हैं।

मजबूत हड्डियों के लिए आवश्यक कैल्शियम और फास्फोरस के अब्जॉर्शन के लिए विटामिन-डी जरूरी होता है। रिकेट्स बच्चों में सबसे आम है, लेकिन यह वयस्कों में भी हो सकता है। आप इन लक्षणों से रिकेट्स की पहचान कर सकते हैं- हड्डी में दर्द ,मांसपेशियों में कमजोरी, जोड़ों में सूजन, बॉलगेज या नॉक-नी , बढ़ा हुआ सिर ,रीढ़ और पसलियों के फ्रैक्चर और विकृति रिकेट्स से बचाव के लिए बेहद जरूरी है कि आप शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी पूर्ति करें। इसके लिए आप भोजन और पूरक आहार का मदद ले सकते हैं। साथ ही धूप की मदद से भी आपके शरीर में विटामिन-डी की कमी को दूर कर सकते हैं। धूप विटामिन-डी का बढ़िया सोर्स माना जाता है। धूप में समय जरूर बिताएं।

सूरज की रोशनी शरीर में विटामिन-डी के उत्पादन में मदद करती है। हालांकि, इसकी किरणों से बचने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें ,अपनी डाइट में ऐसे फूड आइटम्स जरूर शामिल करें, जो विटामिन-डी से भरपूर हों। विटामिन-डी की पूर्ति के लिए आप फैटी फिश, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड दूध डाइट में जोड़ सकते हैं। विटामिन-डी सप्लीमेंट लें। अगर आपको खाने या धूप से पर्याप्त विटामिन-डी नहीं मिल रहा है, तो आपको पूरक आहार लेने की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपको खुद में या अपने बच्चे में रिकेट्स के लक्षण नजर आएं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें। सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज मिलने से गंभीर होने से रोका जा सकता है।



# जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : जनसुनवाई में 112 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर मामले भूमि संबंधित रहे। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, आधार कार्ड में उम्र संशोधन, सड़कों के गड्ढे ठीक करने, घरों में पानी घुसने, नालियों की मरम्मत करना, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलवाने, बैंक लोन रिकवरी में समय देने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूमि फ्रॉड के प्रकरणों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकरणों पर समाधान हो सके इसकी निरंतर प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।



जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं नगर निगम, एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद एवं अतिक्रमण की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर मौका मुआवना कार्यवाही करें। साथ ही लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के गड्ढों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान में लेते हुए सड़क ठीक करें। उन्होंने अवैध प्लॉटिंग, अवैध निर्माण आदि एमडीडीए से संबंधित प्राप्त हो रही शिकायतों पर एमडीडीए के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बड़ोवाला में भूमि कब्जा करने, आरकेडियाग्राण्ट में बैंक द्वारा बंधक सम्पत्ति विक्रय करने सभावाला में भूमि का सीमांकन करने, ग्राम तौली तहसील विकासनगर भूमि का समतलीकरण करने की अनुमति की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। सेरकी में आपदा ग्रस्त क्षेत्र में नियम विरूद्ध निर्माण के साथ ही अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों पर सचिव एमडीडीए को निर्देशित किया। गायत्री एनक्लेव में कच्ची नहर खोलने एवं मरम्मत करने की शिकायतों पर लघु सिंचाई के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राशन विक्रेता द्वारा राशन न दिए जाने तथा अभद्रता की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन को जांच करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शांति विहार रानी पोखरी में कूट रचित विक्रय पत्र तैयार कर भूमि विक्रय करने की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को जांच करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल, अपर नगर आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजन जैन, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजलि रावत, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित लोनिवि, सिंचाई, एमडीडीए, जल निगम, जल संस्थान आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुग्ध संघ प्रबंध समिति अल्मोड़ा अध्यक्ष नीमा देवी का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। दुग्ध संघ प्रबंध समिति अल्मोड़ा की अध्यक्ष नीमा देवी का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र दौलाघट पहुंची नीमा देवी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण भी किया गया। दौलाघट के सिलानी गांव की नीमा देवी ने अल्मोड़ा दुग्ध संघ प्रबंध समिति की अध्यक्ष बनने पर बीजेपी प्रदेश एंव जिला नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पदभार संभालने के बाद दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और महिलाओं की बेहतरी के लिये उन्होंने दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा और महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य से देहरादून में मुलाकात की। अध्यक्ष नीमा देवी ने कहा कि सरकार और दुग्ध संघ के बीच बेहतर तालमेल से काम किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों व उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए दुग्ध संघ में काम किये जाएंगे। दुग्ध उत्पादकों के साथ ही संघ का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी।स्वागत कार्यक्रम में स्याहीदेवी मंडल के अध्यक्ष वीरेन्द्र चिल्वाल ने कहा कि स्याहीदेवी क्षेत्र से दुग्ध संघ को महिला नेतृत्व मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ग्रामीण कामकाजी महिला के अध्यक्ष बनने से महिलाओं व दुग्ध पालकों को अच्छा लाभ मिल सकेगा। मंडल महामंत्री ललित तिवारी ने कहा कि पहली बार दुग्ध संघ में महिला को अध्यक्ष बनाना महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला पशुपालक अधिक हैं। ऐसे में महिलाओं और पशुपालकों को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान मंडल महामंत्री देवेन्द्र सिंह मेहरा, मंडल उपाध्यक्ष गणेश जलाल, अर्जुन बिष्ट, रमेश बिष्ट, आनन्द तड़ागी, राजेन्द्र भंडारी, गोपाल दत्त कांडपाल, देवेन्द्र नयाल, वीरेन्द्र शाही, रणजीत सिंह बिष्ट, अशोक जलाल, प्रकाश टम्टा, महेश डांगी, महेन्द्र लाल, कृपाल बिष्ट, प्रकाश जीना, एनडी जोशी, गणेश अधिकारी, मुकेश बिष्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष गिरीश जोशी, इंदर सिंह, कुशाल सिंह बिष्ट, पंकज बिष्ट, संतोष बिष्ट, ममता जोशी, साक्षी बिष्ट, कविता देवी, दीपा जोशी भगवती देवी, प्रभा देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आगाज़ और कल्प कार्नर द्वारा आयोजित ओपन माईक इवेंट युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए युवाओं का अद्भुत प्रयासः बिट्टू कर्नाटक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में युवाओं द्वारा आगाज एक नई सोच एवं कल्प कॉर्नर द्वारा युवा पीढ़ी को अपनी सभ्यता, संस्कृति, कला से जोडने और उनकी योग्यता को एक नई दिशा देने के लिए कार्यक्रम का आगाज किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया गया और युवाओं के साथ उनके भविष्य को लेकर विस्तृत संवाद किया गया। कर्नाटक ने कहा कि छात्रा उपाध्यक्ष रूचि कुटौला और पंकज जायसवाल के द्वारा इस इवेंट को सफल बनाने के लिए जो मेहनत की गई है वह काबिल ए तारीफ है। कार्यक्रम को लेकर रूचि कुटौला ने कहा कि अल्मोड़ा में युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का यह छोटा सा प्रयास है तथा आगाज एक ऐसे युवाओं का समूह है जो समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर कर्नाटक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उत्तराखंड ने हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज हमें सिर्फ इन प्रतिभाओं को तराशने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने युवा वर्ग से अपील भी की कि बेहद तेजी से समाज में फैल रही नशे रूपी जहर से युवा अपने को बचाये रखें व इससे दूर रहें। कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को एक बात स्पष्ट रूप से अपने दिमाग में बैठा लेनी चाहिए कि संकोच और झिझक नाम की कोई चीज नहीं होती। आज युवा संकोच और झिझक के कारण स्वयं की बात सामने नहीं रख पाते। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा अपने अंदर की झिझक को समाप्त करें क्योंकि इस झिझक से बाहर निकलने के बाद एक विशाल आसमान उनकी प्रतीक्षा कर रहा है जिसमे पंख फैलाकर युवाओं को ऊंची उड़ान भरनी है। कर्नाटक ने अपने संबोधन में कहा कि अगर युवा अर्जुन जैसा लक्ष्य लेकर चलेंगे तो उन्हें जीवन में आगे बढने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। प्रत्येक युवा के अंदर भिन्न भिन्न योग्यताओं की खान है बस जरूरत है युवाओं को अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा, योग्यता को समझने व तराशने की। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद की कही एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए की उठो, जागो और तब तक चलो जब तक आप अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ। इसके साथ ही कर्नाटक ने छात्रा उपाध्यक्ष रुचि कुटोला के द्वारा युवाओं के हित में आयोजित किए इस कार्यक्रम की सराहना की। कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को आवश्यक रूप से खेलों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। खेलों से जहां एक ओर हमारा शारीरिक विकास होता है वहीं दूसरी ओर खेलों से हमारा मानसिक विकास भी होता है। इस इवेंट में राजस्थान से कवि उमेश गौतम पहुंचे तथा अल्मोड़ा को एक विशेष पहचान देने वाले गौरव मनकोटी को गेस्ट ऑफ द ऑनर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिना बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में हर्ष काफर, विनोद सिजवाली, निजाम, नेहा सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

रुद्रपुर। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में उप जिला चिकत्सालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं में क्या-क्या स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है, इसकी जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बांटे गए। यहां अस्पताल के वरिष्ठ चिकत्सा अधिकारी डॉ.वीपी सिंह, डॉ.ममता सिंह, डॉ.संदीप, आरकेएसके काउंसलर विजेता, आशा फेसिलेटर गीता, नुपुर पांडेय, डॉ.देशदीपक, डॉ.शैलजा त्रिपाठी, डॉ.सोनाक्षी, हंस फाउंडेशन से त्रिलोक सिंह, अनीता, विक्रम रहे।

### वेतन के लिए श्रमिकों ने दिया धरना

रुद्रपुर। सिडकुल की एक कंपनी से निष्कासित किए स्थायी श्रमिकों ने अप्रैल माह के वेतन की मांग को लेकर श्रम भवन में धरना दिया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने उन्हें अपना समर्थन दिया। मवार को ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा 39 दिनों से कंपनी के 41 स्थायी श्रमिक गैरकानूनी तरीके से बाहर कर दिए गए है। वहीं, 20 दिनों से श्रमिकों को अर्जित वेतन भी नहीं मिला है। इसमें श्रम विभाग के अधिकारी श्रमिकों का वेतन दिलाने के छोटे से मसले पर भी हाथ खड़ा कर हे हैं। वहीं, इंट्रार्क मजदूर संगठन के दलजीत सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगया कि जिला प्रशासन श्रमिकों के साथ अन्याय कर रहा है। हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी उस आदेश को लागू कराने वाला जिला प्रशासन आदेश को लागू नहीं करवा पा रहा है। यहां सुब्रत विश्वास, संजू बाला, करन सिंह, जीवन राम, जयशंकर, गौरी शंकर, केशव प्रसाद, धर्मेंद्र पटेल, चरन सिंह, रंजन कुमार, ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद, उदय पाल सिंह रहे।

### पूर्व सैनिक संगठन ने सीएसडी कैंटीन के संबंध में दिए जारुरी सुझाव

रुद्रपुर। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष स्टेशन कैंटीन प्रशासनिक अधिकारी बनबसा संदीप नेगी से मिले। संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने सीएसडी कैंटीन में सैनिकों की सुविधा के लिए किए जाने बदलावों के सुझाव दिए। धामी ने सात बिंदुओं पर सुझाव पत्र संदीप नेगी को सौंपा। सोमवार को सौंपे ज्ञापन में धामी ने कहा कि खटीमा कैंटीन में पूर्व सैनिकों की संख्या को देखते हुए ग्रोसरी और लीकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, बनबसा में आने वाले सीएसडी स्टोर का लगभग 60 प्रतिशत कोटा खटीमा को दिया जाए, ग्रोसरी पूर्व सैनिकों को जैसे-तैसे मिल रही है, लेकिन लीकर के लिए उन्हें बनबसा जाना पड़ता है। इस व्यवस्था में सुधार किया जाए, हर तीसरे महीने संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता कर उनसे सुझाव लिए जाएं, बुकिंग में सुधार करने की आवश्यकता है। धामी ने सभी आवश्यक सुझावों का निस्तारण करने की मांग की। इस अवसर पर ठाकुर सिंह खाती, पुष्कर सिंह बिष्ट, दान सिंह बोरा आदि थे।

### बीडी पांडे अस्पताल के डॉक्टर संग मारपीट

नैनीताल। बीडी पांडे जिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर ने पड़ोसियों पर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है। डॉक्टर ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉ. देवाशीष मल्लीताल स्थित बीडी पांडे जिला अस्पताल में तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह मल्लीताल के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रहते हैं। आरोप है कि उनके पड़ोसियों की ओर से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। डॉक्टर ने इसकी शिकायत मकान मालिक से की। आरोप है कि इसके बाद पड़ोसी और अधिक अभद्रता पर उतर आए।

# 6 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के आसार, एक जून तक ऑरेंज अलर्ट जारी ?




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 30 मई : उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि की आशंका है। जबकि, मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर बारिश और गर्जना हो सकती है। मौसम विभाग ने 30 मई के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा इन इलाकों में तेज गर्जना के साथ 70 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने 30 मई से एक जून तक पर्वतीय इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में आठ कार्मिकों ने किया नामांकन

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की नई कार्यकारणी के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को छह पदों के लिए आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद पर दो-दो जबकि शेष चार पदों पर मात्र एक-एक प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। मंगलवार को नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच होगी। 31 मई को मतदान एवं मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी बहादुर सिंह बिष्ट और सहायक चुनाव अधिकारी एलडी उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को आयोजित नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर नवल किशोर बिनवाल और डॉ. मोहित सनवाल ने नामांकन किया। सचिव पद पर जीवन सिंह रावत और जगदीश चंद्र की ओर से नामांकन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर पंत, महिला उपाध्यक्ष पद पर आशा आर्या, उप सचिव पद पर संजीत राम तथा कोषाध्यक्ष पद पर तारा सिंह रैखोला ने पर्चा भरा। अध्यक्ष और सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं। उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, उप सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने पर चारों का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

# उत्तराखंड : 12वीं में फेल होने पर छात्रा ने की खुदकुशी, परिवार में मचा कोहराम ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



उधमसिंह नगर 30 मई : हाल ही में उत्तराखंड इंटरमीडिएट के रिजल्ट घोषित हुए जिसमें कुछ बच्चे तो अच्छे नम्बरों से पास हो गए हैं मगर कुछ को असफलता का मुंह देखना पड़ा। मगर बच्चों के मन में परीक्षा और परिणाम का इस कदर खौफ बैठ गया है कि वे फेलियर्स को फेस नहीं कर पाते और फेल होने से डरते हैं।

इस वजह से कई बच्चे सुसाइड कर अपनी जान गवा देते हैं। फेल होने का सदमा एक छात्रा को इस तरह से लगा कि इंटर में फेल होने से आहत छात्रा ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जसपुर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।दरअसल भगवानपुर गांव निवासी आकांक्षा (16) इंटरमीडिएट की छात्रा थी। ग्रामीणों ने बताया कि अभी बीते दिन उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। छात्रा परीक्षा में फेल हो गई थी, जिससे वह बेहद परेशान थी। देर रात उसने घर में रखा कीटनाशक पी ली। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उसकी हालत हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। हायर सेंटर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पतरामपुर पुलिस चौकी इंचार्ज भोपाल राम पोरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## 20 जून को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

देहरादून। दून में पिछले 25 वर्षों से आयोजित भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा इस बार और भव्यता से होगी। रथयात्रा 20 जून को निकाली जाएगी। रथयात्रा आयोजन समिति ने तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए बैठक की। श्री राम मंदिर दीपलोक कॉलोनी में पंडित सुभाष चंद्र शतपति के सानिध्य में हुई बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने की। मंदिर समिति अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कि 4 जून को पूर्णिमा पर देव स्नान व कलश यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें लगभग 108 महिलाएं कलश धारण कर श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्ण नगर चौक पहुंचेगी। यहां श्री श्री जगन्नाथ जी एवं परिवार को पवित्र गंगाजल से स्नान आदि करवा उनकी पूजा-अर्चना होगी। आचार्य सुभाष चंद शतपती ने बताया कि इस वर्ष 26 वीं यात्रा का आयोजन 20 जून को होगा। यात्रा से पूर्व मंदिर में प्रातः काल में प्रभु श्री जगन्नाथ जी परिवार की पूजा अर्चना के बाद उनको बड़े रथ में विराजमान किया जाएगा। रथ के आगे क्षेत्र के राजा या मुख्य अतिथि झाड़ू से छहरा पहरा की रीत निभाएंगे। रथ की रस्सी खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रहती है। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर किशन नगर चौक, चकराता रोड, घंटाघर, पलटन बाजार, धामावाला, भंडारी चौक, तिलक रोड से बिंदाल पुल मंदिर में विश्राम लेगी। तैयारी बैठक का संचालन पृथ्वीनाथ मंदिर समिति के संजय गर्ग ने किया। बैठक में सचिव अरविंद मित्तल, प्रमोद गुप्ता, जेएस चुग, पुनीत, अनुराग गुप्ता, गिरधर शर्मा, हरीश कटारिया मौजूद रहे।

## हर जिले में होगी आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

देहरादून। मानसून की दस्तक के साथ ही सरकार ने आपदा प्रबंधन की तैयारी शुरू कर दी। सोमवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा ने सचिवालय स्थित डीएमएमसी सभागार से तैयारियों की ऑनलाइन समीक्षा की। सचिव ने सभी डीएम को आपदा प्रबंधन की तैयारियों की परखने के लिए अनिवार्य रूप से मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए। आपदा के दौरान शासन से समन्वय के लिए हर जिले में एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अफसर नियुक्त करने को भी कहा। कहा कि सभी जिले अपने संसाधनों को तैयार कर लें। भोजन, पानी, दवा आदि के भंडारण और अति संवेदशील स्थानों को भी चिह्नित कर लिया जाए। साथ ही आपदा से जुड़े अधिकारी-कार्मिकों के संपर्क और मोबाइल नंबर के होर्डिंग भी जगह जगह लगाए जाएं। इससे आम लोगों को काफी सुविधा रहेगी। बैठक मे आईजी-एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल,अपर सचिव आपदा प्रबंधन सविन बंसल आदि मौजूद रहे।

## बाहरी अभ्यर्थियों के खिलाफ हाईकोर्ट में मजबूत पैरवी करे सरकार

देहरादून। संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ ने समूह ग के तहत आने वाली नर्सेज भर्ती में बाहरी राज्य के युवाओं को नियुक्ति न देने की मांग की। इसके लिए नैनीताल हाईकोर्ट में मजबूत पैरवी करने का अनुरोध किया गया है। सोमवार को संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ का प्रतिनिधिमंडल विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत से मिला। इस दौरान उन्होंने मांग की कि समूह ग के तहत आने वाली नर्सिंग भर्ती में बाहरी राज्य के युवाओं को मौका न दिया जाए। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्य के कुछ युवाओं ने राज्य में फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र बना लिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाद्रि हंस हैण्डलूम सेन्टर डीनापानी में जागरूकता शिविर आयोजित

अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा द्वारा आज हिमाद्रि हंस हैण्डलूम सेन्टर डीनापानी, अल्मोड़ा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने इस शिविर में उपस्थित लोगों को एसिड अटैक, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम व अन्य श्रम कानूनों के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के प्रावधाान एवं महिलाओं से सम्बन्धित संविधानिक प्रावधान, नालसा (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और नशीली दवाओं के खतरे से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाए) योजना 2015 नालसा एवं सामाजिक, मानसिक और शारीरिक संकट पैदा करने वाली नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि यदि वह किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी अपराध होते हुए देखें तो अविलम्ब पुलिस को सूचित करें ताकि अपराध को जड़ से मिटाया जा सके। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए यह भी बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है और वे अधिक से अधिक छायादार व फलदार वृक्ष लगाएं साथ ही पौधों की देखभाल करने हेतु भी प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सेवाओं के विषय में भी बताया गया तथा उनकी समस्याओं का भी समाधान किया। शिविर में पुलिस विभाग के नारकोटिक्स, साईबर एक्सपर्ट सुनिल धानिक द्वारा लोगों को साईबर अपराध के विभिन्न प्रकार के बारे में व साईबर अपराध के रोकथाम हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि साईबर अपराध कई प्रकार के होते है जिनमें हैकिंग, फिशिंग हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत जितनी जल्द होगी, अपराधी के पकड़े जाने की सम्भावना उतनी अधिक होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि मोबाईल में एप इंस्टाल करने पर कम से कम व्यक्तिगत जानकारी शेयर करें। इस शिविर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### बागेश्वर के बाद गरुड़ में चलाया स्वच्छता अभियान

बागेश्वर। रेडक्रॉस सोसायटी ने बागेश्वर के बाद अब गरुड़ में भी स्वच्छता अभियान चला दिया है। सोसायटी के सदस्यों ने स्थानीय कटारमल गधेरे में स्वच्छता कर कूड़ा एकत्रित किया और गधेरे की जल निकासी सुचारु की। सोमवार को रेडक्रॉस सोसायटी के जनपद सचिव आलोक पांडे के नेतृत्व में कटारमल गधेरे में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पानी की निकासी को सुचारु बनाते हुए कूड़ा-करकट का निस्तारण किया गया। गधेरे के पास स्थित पौराणिक पेयजल स्रोत नौले की स्वच्छता भी की गई। साथ ही झाडियों का कटान किया गया। इस मौके पर सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य उमेश जोशी ने लोगों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और गधेरे में कूड़ा न फेंकने की अपील की। इस मौके पर ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इस दौरान उमेश जोशी, वार्ड सदस्य उपेंद्र जोशी, राहुल जोशी, गौरव जोशी, वैभव जोशी, सौरभ जोशी, परी जोशी, कैलाश खुल्बे,सुरेश खोलिया, विनोद खोलिया, राजू नेगी आदि ने सहभागिता की।

### नाली निर्माण की मांग को लेकर पालिकाध्यक्ष से मिले लोग

बागेश्वर। नाली व रास्ता निर्माण की मांग को लेकर मंडलसेरा वार्ड के लोग मुखर हो गए हैं। उन्होंने नगर पालिकाध्यक्ष से मुलकात कर ज्ञापन सौंपा। जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन शुरू काने की चेतावनी भी दी है। सभासद रूपा देवी के नेतृत्व में लोग सोमवार को नगर पालिका पहुंचे। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेताल को अपनी मसमस्या का एक ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि गत बारिश के दिनों में उनके वार्ड में जाने वाला रास्ता व नाली ध्वस्त हो गए थे। एक साल बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। रास्ते के अभाव में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे। बारिश के दिनों में यहां से लोगों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने मोहन राम के मकान से रमेश गोस्वामी की दुकान तक रास्ता बनाने की मांग की है। इस मौके पर महेश राम, नीमा देवी, रजनी आर्या, तुलसी देवी, जयदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### थ्री व्हीलर में लगी आग, अफरा-तफरी मची

रुद्रपुर। बीच बाजार में सीएनजी थ्री व्हीलर में आग लग गई। आग की लपटें देख अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने रेता डालकर आग बुझाना का प्रयास किया। वहीं, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बामुश्किल से आग पर काबू पाया गया। इधर, घटना के बाद थ्री व्हीलर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि पुलिस ने उसके एक साथी को हिरासत में ले लिया है। सोमवार दोपहर 1:30 बजे गूलरभोज चौराहे पर तारपीन के तेल से भरे चलते थ्री व्हीलर यूके 06 सीबी8579 से आग की लपटें उठने लगी। आग लगी देख चालक थ्री व्हीलर छोडक़र मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। अनहोनी से आशंकित व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर डाउन कर दिए और रेता और पानी डालकर आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। सूचना के 20 मिनट बाद गदरपुर से वाहन के साथ पहुंचे अग्निशमन दल के धीरज राणा, महेंद्र सिंह व दिनेश चंद्र ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। व्यापारियों ने कहा आग लगने से पहले चालक द्वारा थ्री व्हीलर में वेल्डिंग कराया गया था। इसकी वजह से आग लगी है। इधर, पुलिस ने पूछताछ के लिए थ्री व्हीलर चालक के साथी को हिरासत में ले लिया है।

### महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का लगाया आरोप

रुद्रपुर। क्षेत्र की एक महिला से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। महिला के पति की करीब पांच माह पहले मृत्यु हो चुकी है। शादी का दवाब बनाने पर आरोपी ने अपने दो भाइयों और अन्य लोगों के साथ महिला के घर में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी दो वर्ष की पुत्री है। पति की मृत्यु के बाद ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। वह अपने मायके रह रही हैं। कहा ग्राम ध्यानपुर निवासी जसवीर सिंह ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। बच्ची के भविष्य को देखते हुए उसने हां कर दी। जसवीर उसको लगातार शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। बताया जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो जसवीर ने 21 मई को अपने भाई कर्म सिंह, सुखदेव सिंह और छीछू प्रधान के साथ घर में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बताया परिजनों और ग्रामीणों के पहुंचने से आरोपी मौके से भाग खड़े हुए।

# उत्तराखंड : प्रदेश की 1114 गांवों को जल्द मिलेगा फ्री वाईफाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 मई : प्रदेश की 1114 ग्राम पंचायतों के सभी सरकारी कार्यालयों, निकायों में जल्द ही फ्री वाईफाई की सुविधा मिलेगी। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) और बीएसएनएल के बीच करार हो गया है। इसके तहत 3090 फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन दिए जाएंगे , दरअसल, पिछले साल एफटीटीएच योजना के लिए सरकार ने 50 करोड़ का बजट जारी किया था, लेकिन समय से काम शुरू नहीं हो पाया। 31 मार्च के बाद बजट लैप्स होने से बचाने के लिए सरकार ने इस साल दोबारा यह बजट दे दिया है। आईटीडीए की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि 50 करोड़ की इस परियोजना के लिए बीएसएनएल के साथ करार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बीएसएनएल प्रदेश की 1114 ग्राम पंचायतों में एफटीटीएस सेवा देगा। इसके दायरे में उस ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी संस्थानों से लेकर पंचायत घर तक शामिल होंगे।

इन सभी जगहों पर फ्री वाईफाई की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सालभर में बीएसएनएल की ओर से इन गांवों में 3090 कनेक्शन दिए जाएंगे। साथ ही अगले पांच सालों तक इनकी देखरेख भी बीएसएनएल ही संभालेगा , भारत नेट-1 के तहत जिन ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का काम बीएसएनएल को दिया गया था, उसे तय समय में वह पूरा नहीं कर पाया था। हालात ये हैं कि तब का अटका हुआ काम आज तक बीएसएनएल पूरा नहीं कर पाया। ऐसे में उसे एफटीटीएच का काम देने पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि आईटीडीए निदेशक नितिका खंडेलवाल का कहना है कि नियमों के हिसाब से बीएसएनएल को ही ये काम दिया जा सकता था।



# छुटमलपुर : फतेहपुर पुलिस ने दिया ईमानदारी का परिचय, युवक का खोया हुआ पर्स लौटाया ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सहारनपुर 30 मई : आज के जमाने में ईमानदारी अभी भी जीवित है ये कहना गलत नहीं , लोग जहां फोन कॉल के द्वारा फ्रॉड करने से बाज नहीं आ रहे हैं वही पुलिस अपना पूरा फ़र्ज निभा रही है, सड़क किनारे पड़ा मिला पर्स और धनराशि को फतेपुर पुलिस ने उसके मालिक तक पहुंचा कर पुलिस की ईमानदारी का परिचय दिया है। यूं तो अक्सर पुलिस के लिए कई तरह की टिप्पणियां की जाती हैं। लेकिन फतेहपुर पुलिस ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि ईमानदारी लोगों में अभी भी जिन्दा है , छुटमलपुर थाना फतेहपुर पुलिस ने खोया पर्स मालिक को लौटाया।



फतेहपुर पुलिस के इस मानवता भरे कार्य की खूब प्रशंसा हो रही है , मामला थाना फतेहपुर के छुटमलपुर का बताया जा रहा एक व्यक्ति मोहनपुर निवासी पुरुषोत्तम पुत्र रिषीपाल अपने किसी काम से अपनी बाइक से मनोहरपुर से सहारनपुर जा रहा था बाइक से जाते उसका पर्स छुटमलपुर ज्योति किरण चौक के पास गिर गया, जो की रमेश राणा प्लाटून कमांडर व सरताज हुसैन यूपी पुलिस के सिपाही को मिल गया जिसमें करीब 7000 रुपये गाडी की आरसी व आधार कार्ड मौजूद था जिसकी जानकारी करते हुए मालिक को बुलाकर उनका पर्स पैसे व सामान सहित लौटा दिया। जिसको पाकर पुरषोत्तम का चेहरा खिल उठा। वही पुरुषोत्तम ने फतेहपुर पुलिस का धन्यवाद किया और कहा मुझे तो उम्मीद ही नही थी कि मेरा पर्स मुझे मिलेगा लेकिन फतेहपुर पुलिस के इस मानवता भरे कार्य को देखकर मुझे लगा की मानवता और ईमानदारी आज भी जिंदा है।

# देवभूमि को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटी हरिद्वार पुलिस को मिली सफलता ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 30 मई : महिला तस्कर सहित 02 दबोचे, 36 ग्राम स्मैक (कीमत करीब 4 लाख) बरामद ,महिला का पति व देवर भी पूर्व में स्मैक तस्करी में जा चुके जेल, ससुर पर कई मुकदमे दर्ज ,धर्मनगरी को नशा मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता, एक-एक कर सभी नशा तस्करों को जेल भेजेंगेः एसएसपी हरिद्वार माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ₹ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025₹ अभियान को सार्थक बनाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए कड़े दिशा निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा चिड़ियापुर में चेकिंग के दौरान महिला अभियुक्त शाइन व अभियुक्त तस्लीम को 36 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया। 1- शाहीन पत्नी शौकीन निवासी मोहल्ला माही ग्राम रुड़की कोतवाली सिविल लाइन जनपद हरिद्वार 2- तस्लीम पुत्र फखरुद्दीन निवासी उपरोक्त




## संक्षिप्त खबरें

### बिना सत्यापन मजदूर रखने पर दस हजार का चालान

नैनीताल। खैरना चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार के नेतृत्व में सोमवार को बेतालघाट ब्लॉक के कई गांवों में सत्यापन अभियान चलाया गया। खैरना, चमडिया, लोहली, उल्गोर, रूप सिंह धुरा, गौणा, जौरासी में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। गांव में बिना सत्यापन बाहरी लोगों को रखने पर एक व्यक्ति का 10 हजार रुपये का चालान किया गया। कोसी नदी किनारे हुडदंग कर रहे 13 लोगों के खिलाफ भी 3250 रुपये का चालान किया गया।

### वीकएंड पर नैनीताल में पर्यटकों की भीड़

नैनीताल। शहर में रविवार को पर्यटकों की खूब भीड़ उमड़ी। इस कारण शहर में पूरे दिन वाहन रेंगकर चलते नजर आए। शहर में वीआईपी मूवमेंट के कारण भी वाहनों की रफ्तार पर असर रहा। नैनीताल के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर भीड़ रही। सुबह से ही शहर की प्रमुख पार्किंग फुल हो गई। इस बीच वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया। वहीं नैनीताल जू, वाटर फॉल, स्नो व्यू सहित सभी प्रमुख स्थलों पर पर्यटकों की खूब भीड़ रही।

### टीम मोदी सेवा समिति ने किया मिष्ठान वितरण

नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देश में नए संसद भवन के लोकार्पण पर टीम मोदी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। तल्लीताल लेक ब्रिज कॉम्प्लेक्स में एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस अवसर पर टीम के प्रदेश महासचिव पवन कुमार, पवन बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल, जगदीश चन्द्र ओली, सुन्दर सिंह बिष्ट, अनिल रौतेला, भवान सिंह, लाल सिंह बिष्ट, नवीन चन्द्र सुयाल, अनिल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा आज, कल होगा निर्जला एकादशी का व्रत

रुडकी। गंगा दशहरा पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। इससे अगले दिन बुधवार को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि त्रेता युग में महाराजा भगीरथ ने गंगा को स्वर्ग से धरती पर लाने के लिए कड़ी तपस्या की थी। उनका तप सफल होने के बाद ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा स्वर्ग से उतरकर भगवान महादेव की जटाओं से होती हुई धरती पर आई थी। तभी से इस तिथि पर गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इससे अगले दिन बुधवार को निर्जला एकादशी का व्रत भी रखा जाएगा। लक्सर में सांई मंदिर के पुजारी पंडित अवनीश शर्मा के मुताबिक इस बार ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई रात 11.40 बजे से 30 मई दोपहर 1.07 बजे तक रहेगी।

### प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

रुडकी। आनंद स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में एनसीसी कैडेटों की प्लास्टिक से प्रदूषण, इसके दुष्प्रभाव और पर्यावरण रक्षा को लेकर गोष्ठी हुई। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रामाकृष्णन रमेश ने कहा कि विदेश से लाखों सैलानी सांस्कृतिक विरासत, संस्कृति और संस्कारों को जानने के लिए यहां आते हैं। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि अपने देश को स्वच्छ, सुन्दर और प्रदूषण रहित बनाने में सहयोग दें। अपने घर, गली, मोहल्ले, गांव, शहर, विद्यालय, मन्दिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई करके कर इसकी शुरुआत कर सकते हैं। प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने एनसीसी कैडेटों को प्रदूषण के प्रकार, कारण और निवारण को लेकर जानकारी दी। इस दौरान कैडेट मयंक सिंह, विख्यात चौधरी, खुशी, रिषभ कुमार, अहाना, अर्शिया, वर्णिका, लक्ष्मी, छवि, गुनगुन त्यागी, बटालियन के कार्यालय अधीक्षक रवि कपूर, कैप्टन विशाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी नीरज नौटियाल उपस्थित रहे।

### आरआईटी के छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

रुडकी। रुडकी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भावी अभियन्ताओं ने प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी लगाई। इसका उद्घाटन मैनेजिंग ट्रस्टी नमन बंसल, यश अग्रवाल, महानिदेशक डॉ. एमजे निगम, निदेशक डॉ. पराग जैन ने किया। प्रोफेसर मनोज मिश्रा, डॉ. देवाशीष घोष, डॉ. यशपाल ने चयन समिति में प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया। नमन बंसल, यश अग्रवाल ने छात्रों की रचनात्मक, प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच की प्रंशसा की। बीटेक सिविल इंजी तृतीय वर्ष के छात्र सुभाष चन्द्र चौधरी एवं उनकी टीम के प्रोजेक्ट फ्लोटिंग सिटी और बीटेक कम्प्यूटर साईंस और इंजीनियर द्वितीय वर्ष के छात्र प्रियासूं और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट लो कॉस्ट एवं फुली ऑटोमेटिड पार्किंग सिस्टम को प्रथम स्थान दिया गया।

# ड्रग्स फ्री देव भूमि की पद पर दून पुलिस, पांच लाख कीमत की एक किलो चरस के साथ पैडलर गिरफ्तार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 30 मई : पुलिस उप महानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के निर्देशन/तत्वाधान में ड्रग्स फ्री देवभूमि की परिकल्पना को साकार करने हेतु जनपद देहरादून में मादक पदार्थों के सेवन/तस्करी एवं अवैध व्यापार पर रोकथाम के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके लिये पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में नशा करने वालों व नशा बेचने वालों का डाटा तैयार करने एवं नशा करने वालों की प्रत्येक सप्ताह कम से कम दो बार काउंसलिंग करने व नशा बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है ।

जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अपराध व पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी रायपुर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रायपुर द्वारा थाना रायपुर क्षेत्रान्तर्गत नशा करने वाले व नशा बेचने वाले तस्करों को चिह्नित कर लगातार डाटा तैयार किया जा रहा है एवं नशा करने वालों की सप्ताह में दो बार काउंसलिंग की जा रही है। पूर्व में सपेरा बस्ती में थाना रायपुर पुलिस द्वारा सत्यापन की कार्रवाई की गई थी। कार्यवाही के दौरान सरपंच व उसकी पत्नी को 7.5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था ।सत्यापन की कार्यवाही से पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां मिली थी।

रायपुर पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के परिणाम स्वरूप थानाध्यक्ष रायपुर को मिली महत्वपूर्ण जानकारियों के चलते सूचना मिली कि एक मुख्य पैडलर सहारनपुर से चरस लेकर रायपुर क्षेत्र में डिलीवरी के लिए पहुंच रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष रायपुर द्वारा सूचना तंत्र मजबूत करते हुए एक पुलिस टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए दिनांक 28/05/2023 को अभियुक्त आदर्श कुमार पुत्र स्वर्गीय अश्विनी कुमार निवासी 88 अहीर मंडी हाथीबड़कला जनपद देहरादून उम्र 31 वर्ष को एक किलो चरस के साथ रायपुर रोड गुरुद्वारा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना रायपुर में धारा 8/20 NDPS act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण की गहनता से पूछताछ कर कई जानकारियां प्राप्त की गयी है। अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा।

पूछताछ का विवरण - पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 2017 तक मैं करौवली अकॉर्ड शिप मैनेजमेंट कंपनी मुंबई में मर्चेंट नेवी में था जिसमें मैं चोट लगने की वजह से बाहर हो गया था उसके बाद मैंने खुद की ट्रैवलिंग गाइड की कंपनी zeel adventure खोली जिसमें मैं पर्यटक को ऋषिकेश, उत्तरकाशी टैक्सी उपलब्ध कराकर कमीशन एजेंट के रूप में कार्य करता हूं ,टूरिस्ट गाइड के रूप में कार्य करते हुए गलत संगति पर पढ़कर मैं नशे का आदि हो गया जिसकी पूर्ति के लिए पहले मैं थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चरस का नशा लिया करता था इसी बीच मेरी एक लड़की से दोस्ती हो गई और मेरे खर्चे बढ़ने लगे। खर्चे और नशे की पूर्ति के लिए मैंने ड्रग्स को बेचना शुरू कर दिया जिससे मेरी नशे की पूर्ति हो जा रही थी और थोड़े बहुत खर्चा निकल जा रहे थे। धीरे-धीरे मेरा लालच बढ़ता चला गया और मैं अधिक मात्रा में नशे का कारोबार करने लगा इसी के चलते दिनांक 28.05. 23 को मैं मिर्जापुर सहारनपुर गया जहां से मैंने 1 किलो चरस खरीदी और उसे बेचने के लिए रायपुर क्षेत्र में आया था मैंने अपने साथ एक दोस्त को भी साथ में चलने को कहा था लेकिन उसने रायपुर का नाम सुनकर पुलिस के डर से आने को मना कर दिया फिर मैं अकेले अपनी स्कूटी में चरस लेकर रायपुर पहुंचा जहां पर पुलिस ने मुझे दबोच लिया मैं अपने दोस्त की बात मान लेता तो पकड़ा नहीं जाता।

# यहां ATM से नोट की जगह निकल रहे है सांप



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रामनगर 30 मई : सोचिए आपने पैसे निकालने के लिए एटीएम में कार्ड डाला और वहां से नोट की जगह सांप निकलने लगे,सोचकर ही सिहरन हुई ना, लेकिन ऐसा सच में हुआ है। मामला सरोवर नगरी नैनीताल का है। यहां भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे की जगह अचानक सांप निकलने लगे। ये खबर आस-पास फैली तो लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग एटीएम से दूर भागने लगे। बाद में सर्प विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और सांप के बच्चों को एटीएम से बाहर निकाला। एटीएम से कोई एक-दो नहीं बल्कि पूरे 10 सांप निकले थे, जो कि जहरीले भी थे। ऐसा होने पर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना नैनीताल के रामनगर की है। यहां बीते दिन शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब एसबीआई के कोसी रोड स्थित एटीएम से पैसे की जगह सांप के बच्चे निकलने लगे। एटीएम से सांप निकलने से पैसे निकालने के लिए लगी लोगों की लाइन में खलबली मच गई और लोग भागने लगे। एटीएम के सुरक्षा गार्ड नरेश डालाकोटी ने बताया कि शाम के वक्त कुछ लोग एटीएम से पैसे निकालने आए थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने अपना कार्ड मशीन में डाला तो मशीन के निचले हिस्से में सांप दिखाई दिया। इससे पैसे निकालने आया आदमी बुरी तरह डर गया। उसने गार्ड और दूसरे लोगों को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

बैंक कर्मचारियों-अधिकारियों में भी दहशत का माहौल बन गया। बाद में सेव द स्नेक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांप के बच्चों को एटीएम से निकाला।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान एटीएम के अंदर से एक के बाद एक सांप के 10 बच्चे निकाले गए। सांप के बच्चे जहरीले हैं। बैंक के अधिकारियों ने किसी अनहोनी की घटना को देखते हुए एटीएम को कुछ देर के लिए ताला लगाकर बंद कर दिया था। सांप के बच्चों को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

# महज कुछ डॉलर की बीयर के बदले टिप में दिए 3000 डॉलर, ये है वजह ?



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 30 मई : अमेरिका में एक शख्स महज 7 डॉलर के चेक के लिए 3,000 डॉलर की टिप छोड़ता है क्योंकि कोरोना वायरस की वजह से लिए रेस्तरां को बंद किया जा रहा है. कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इस कोरोना महामारी के बीच कई चौंका देने वाले मामले सामने आए हैं.

एक बार फिर बेहद हैरान कर देने वाला मामला अमेरिका से सामने आया है. वहां एक शख्स ने कोरोना के कारण रेस्टोरेंट बंद होने की खुशी में 3,000 डॉलर यानी करीब 2,22,540 रुपये की टिप दे दाली. यह बात अब चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए एक रेस्टोरेंट के मालिक ने रेस्टोरेंट को बंद रखने का फैसला किया. इस फैसले से खुश होकर रेस्टोरेंट में बीयर पीने आए एक शख्स ने उन्हें 3,000 डॉलर यानी करीब 2,22,540 रुपये की टिप दी. नाइट टाउन नाम के रेस्टोरेंट में शख्स बीयर पीने आया था. जब शख्स ने सुना कि कोरोना वायरस के फैलते संक्रमण को देखते हुए रेस्टोरेंट को बंद कर दिया जाएगा तो वो रेस्टोरेंट के इस फैसले से बेहद खुश हुआ. उसने बीयर मंगवाई और बैठकर पीने लगा. जाते-जाते शख्स ने उस बीयर के लिए 3,000 डॉलर की टिप छोड़ी रस्टोरेंट के मालिक ब्रेंडन रिंग ने फेसबुक के जरिए बताया कि शख्स ने पहले बीयर की कीमत 7 डॉलर भी अदा की थी. फिर उसने 3000 डॉलर टिप के तौर पर छोड़े. शख्स के रेस्टोरेंट से निकल जाने के बाद मालिक ने टिप देखी तो हैरान रह गया. वह टिप लौटाने के लिए शख्स के पीछे भागा. उसे लगा था कि शायद ऐसा गलती से हो गया है. हालांकि उस शख्स ने कहा कि वो ये टिप रेस्टोरेंट के चार एम्प्लॉई में बांट दे. उसने जल्द रेस्टोरेंट खुलने की भी प्रार्थना की. रेस्टोरेंट के मालिक ने कहा कि वह और उसके एम्प्लॉई उस शख्स के आभारी हैं, जिसने उनके लिए इतना सोचा.

# सीडीओ नरेश कुमार ने की वित्तीय वर्ष-2022-23 के अंतर्गत पशुपालन विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा किए गए विकास परक योजनाओं की समीक्षा

न्यूज वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष-2022-23 के अंतर्गत पशुपालन विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा किए गए विकास परक योजनाओं की जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में समीक्षा करते हुए किए गए कार्यों की संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

बैठक में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल रावत ने जिला योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद में शेष दवा, वैक्सीन एवं शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में संचालित 16 पशु चिकित्सालय एवं 40 पशु सेवा केंद्रों में दवा और वैक्सीन का क्रय के संबंध में इसके साथ ही दो चिकित्सालय एवं पशु केंद्रों के भवन निर्माण हेतु आवंटित की गई धनराशि के संबंध में ग्रामीण प्रसार कार्यक्रम के तहत पशु प्रदर्शनी का आयोजन, लाभार्थी रोजगार परक वैक्यार्ड कुक्कुट पालन, चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण, दारिन्ता पद्धति पर बकरा सांडो, का वितरण/गोट वैली आदि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा राज्य सेक्टर के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों का संचालन, बकरी पालन योजना स्पेशल, भे? पालन योजना, बकरी पालन योजना सामान्य, गौ पालन योजना, महिला बकरी पालन, पैरावेट को कृतिम गर्भाधान योजना, पारजीवि कीटाणु से बचाव आदि योजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चौधरी ने जिला योजना के तहत जानकारी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना जिसमें उद्यान विकास, आलू बीज वितरण, सब्जी प्रदर्शन तथा फल सब्जियों को सूखाकर प्रसंकरण करने की योजना में औद्यानिक प्रशिक्षण, प्लास्टिक क्रेट्स/किल्टा वितरण/फल संरक्षण केंद्रों का सुदृढीकरण, उद्यानीकरण कार्य पर 50 प्रतिशत पर सिंचाई टैंक का निर्माण, सब्जी बीज वितरण, औद्यानिक औजार यंत्र वितरण तथा 60 प्रतिशत पर पौध सुरक्षा कार्य और निःशुल्क हाई सब्जी प्रदर्शन, जनपद स्तर पर विभागीय योजना का प्रचार-प्रसार, 80 प्रतिशत राज सहायता पर उन्नत नवीज प्रजाति के सेब स्पर प्रदर्शन, राजकीय उद्यानीकरणों का सुधारीकरण, पावर मशीनों का 30 प्रतिशत राजकीय सहायता, 80 प्रतिशत राज सहायता आदि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत चयनित राजकीय उद्यानीकरण का सुधारीकरण, पुराने उद्यानों का घेरबा?, सामान्य व अनुसूचित जाति ग्रीन हाउस, पॉलीथीन बदलाव योजना और सघन बैमौसमी सब्जी उत्पादन, बर्मी कंपोस्ट निर्माण 75 प्रतिशत राज सहायता तथा मुख्यमंत्री संरक्षित खेती योजना के अंतर्गत पॉली हाउस निर्माण पर 30 प्रतिशत राज सहायता एवं मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी योजना के अन्तर्गत किए गए कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने पशुपालन एवं उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा जिला सेक्टर एवं राज्य सेक्टर के अंतर्गत जो भी कार्य किए गए हैं उन कार्यों का पूर्ण विवरण एवं लाभान्वित किए गए लाभार्थियों की संख्या एवं योजनाओं के फोटोग्राफ्स सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जनपद रुद्रप्रयाग की दोनों विधान सभा में भाजपा के महासम्पर्क अभियान कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक गीतांजलि शर्मा ने किया प्रवास

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा सम्पर्क अभियान कार्य क्रम चलाया जा रहा है जिसमें जनपद रुद्रप्रयागमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सविता भण्डारी की अध्यक्षता में यह कार्य क्रम जनपद की दोनों विधान सभा में प्रत्येक बूथों पर हो रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक गणों द्वारा किये जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुँचाने के सम्पर्क अभियान कार्य क्रम चलाया जा रहा है जिसमें आने वाले प्रमुखतः लाभार्थी सम्मेलन, मन की बात कार्यक्रम, डाक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी वलिदान दिवस बूथ स्तर तक, आपातकाल दिवस प्रबुद्ध सम्मेलन, योग दिवस सहित 14कार्यक्रम जिला स्तर व बूथ स्तर पर होने हैं ।

## संपादकीय



# मणिपुर में लपटें, मौतें

करीब एक माह से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आग की लपटों में है। टकराव के बाद अब हत्याओं का दौर जारी है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह कुकी आदिवासियों को 'उग्रवादी' करार दे रहे हैं और सुरक्षा बल 40 उग्रवादियों को ढेर कर चुके हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार से मणिपुर के प्रवास पर हैं, लेकिन उनके आगमन की पूर्व संध्या पर 10 मौतें की जा चुकी हैं। मृतकों में एक महिला और असम पुलिस के दो कमांडो भी शामिल हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में करीब 400 घर फूंक दिए गए हैं। अकेले कक्चिंग जिले में ही 200 और विष्णुपुर में 150 घर आग की लपटों के शिकार हो गए हैं। गुस्साई और उत्तेजित भीड़ ने 4 विधायकों के घरों पर भी हमले किए हैं। मौत और आगजनी का यह सिलसिला तब है, जब थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे मणिपुर में ही डेरा डाले हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी वहां के हालात का जायजा लेने गए थे। इनके अलावा, सुरक्षा बलों और सेना के 36,000 से ज्यादा जवान भी मणिपुर में तैनात किए गए हैं। यह बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है, क्योंकि पूर्वोत्तर के एक राज्य में उग्रवाद इस तरह पनपता और बढ़ता रहा, तो वह दूसरे राज्यों में भी जा सकता है। पूर्वोत्तर ने लंबे समय तक उग्रवाद को झेला है और भारत की मुख्य धारा से वह कटा रहा है। ये टकराव, मारा-काटी और मुठभेड़ राज्य के उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भड़के हैं, जिसमें न्यायाधीश ने मैतेई समुदाय को 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा देने की बात कही थी। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने एकल न्यायाधीश की पीठ के ऐसे निर्देश को 'बिल्कुल गलत' करार दिया है, लिहाजा उसके बाद हालात शांत और सामान्य होने चाहिए थे, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप और भाजपा नेतृत्व के निर्देशों के बावजूद मणिपुर की आग मद्धिम भी नहीं हुई है। मैतेई मणिपुर का बहुसंख्यक, हिंदूवादी और वर्चस्ववादी समुदाय है, जो अधिकतर इम्फाल घाटी में बसा है। जो आदिवासी पहाड़ी जिलों के भू-भाग में बसे हैं, उनके साथ मैतेई के संबंधों का इतिहास कड़वा रहा है। कमोबेश मुख्यमंत्री और सरकार को यह आकलन कर लेना चाहिए था कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अशांति, बेचैनी, तनाव और अंततः अराजकता के हालात बन सकते हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## राष्ट्र की एकता अखंडता कायम रखने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका: गर्व गिरी

हरिद्वार। महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरी ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता कायम रखने में संत महापुरूषों ने हमेशा ही अहम भूमिका निभायी है। यह बात उन्होंने अपने 15वें सन्यास दीक्षा दिवस के मौके पर कही। श्यामपुर कांगड़ी स्थित बाबा वीरभद्र सेवाश्रम न्यास के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरी महाराज के 15वें सन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर मायादेवी मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गयी। झांकियों, ढोल नगाड़ों व बैण्डबाजों के साथ मायादेवी मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा श्यामपुर स्थित आश्रम में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के श्यामपुर कांगड़ी पहुंचने पर बालाजी धाम आश्रम में हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी महाराज ने फूलमाला पहनाकर स्वामी गर्व गिरी महाराज का स्वागत किया। बाबा वीरभद्र सेवाश्रम न्यास में बच्चों द्वारा मनमोहक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान स्वामी रविदेव शास्त्री, थानापति धर्मेन्द्र पुरी, थानपति राजेंद्र गिरी, थानापति हीरा भारती, थानापति राजगिरी, थानापति अमृत पुरी, महंत मिठ्ठू गिरी, दीपेश पुरी, थानापति परमानंद गिरी, महंत वीरेंद्र पुरी, साध्वी स्वामी श्रद्धानाथ, प्रमोद गिरी, प्रदीप गिरी, भरत लाल, लाखन गिरी आदि शामिल रहे।

## निशंक यूपी के चार लोकसभा क्षेत्रों में प्रवास करेंगे

हरिद्वार। हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को उत्तर प्रदेश के चार लोकसभा क्षेत्रों की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। निशंक 31 मई से चार जून तक इन लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ ही प्रबुद्धजन सम्मेलन और लाभार्थी सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। निशंक को यूपी के चार संसदीय क्षेत्रों हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर और कौशांबी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो लोगों का शांतिभंग में चालान

रुड़की। धनौरी के तेलीवाला गांव में आपस में झगड़ रहे दो लोगों का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि कलियर थाना क्षेत्र के गांव तेलीवाला में दुकान के किराये को लेकर दो व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को समझाने का प्रयास किया। जब दोनों नहीं माने तो पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। धनौरी चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर ने बताया कि तेलीवाला निवासी मुराद अली व जाविद आलम का शांतिभंग में चालान किया गया है।

### शांति भंग की आशंका में चार पकड़े

रुड़की। भूमि विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे चार लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली कि उदलहेड़ी निवासी कुछ लोग जमीन को लेकर झगड़ा कर रहे हैं। इससे गांव की शांतिभंग होने का खतरा है। सूचना पर उप निरीक्षक हाकम सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर काफी भीड़ जमा थी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के चार लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम पंकज पुत्र कुंवर पाल, रितिक पुत्र मेनपाल, शुभम पुत्र मेनपाल तथा मेनपाल पुत्र हरमल बताए गए हैं। एसएसआई प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी चारों आरोपियों को चालान किया गया है।

### अजर धाम आश्रम में मनाया गया गुरुजन स्मृति समारोह

हरिद्वार। सप्त सरोवर क्षेत्र स्थित अजर धाम आश्रम में स्वामी अजरानंद महिला आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में गुरुजन स्मृति समारोह मनाया गया। समाधि स्थल पर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित किए। समारोह की अध्यक्षता स्वामी स्वयमानंद ने की। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद, महंत जमुना दास, महंत रवि देव शास्त्री, स्वामी विचित्रानंद, संत रामा देवी, महंत योगेन्द्रानंद, ज्ञानानंद आदि मौजूद रहे। संचालन महंत रवि देव शास्त्री ने किया।

### इंटरलॉकिंग सडक़ों का उद्घाटन

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव धिससुपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई इंटरलॉकिंग सडक़ों का प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद व सचिव सचिन चौहान ने उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधान ने ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को सुना और उनका जल्द निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद ने बताया कि गांव में पानी, सडक़, पुलिया, बिजली के साथ, पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड जैसी समस्याओं को खत्म किया जायेगा। इसके लिये शिविर लगाया जाएगा।

### गुरुकुल विवि के 24 छात्रों का नामित कंपनियों में चयन

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के 24 छात्रों का चयन देश की नामित कंपनियों में हुआ है। विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राजुल भारद्वाज ने बताया कि बीफार्मा से अभिषेक, स्वराज, मौ. गुलाम, प्रियंक चौहान, विमल कुमार, रविकान्त सिंह, कौशिक कुमार एमएससी (रसायन) से सुरेन्द्र वर्मा, शानू चौहान, मनीष पंवार तथा दो छात्रा सलोनी राजपूत, सपना रानी का चयन किया गया है। वहीं, एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी) से विशांत कुमार, हुसैन अहमद, बीटेक से छात्र अनुज कुमार, नवनीत सिंह, रजत कमल गंगवार, सुशील साहू, अंकुर कुमार सिंह और एक अन्य कंपनी में बीफार्मा से वर्नित सिंह चौहान, रवि राजपूत, फरजान, सत्यम पांडेय, बीटेक से छात्र देवम पांडेय का चयन किया गया है। कॉरपोरेट अफेयर्स एंड आउटरीच सैल के प्रो. इंजार्च प्रो. पंकज मदान, विवि कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, वित्ताधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार गुप्ता आदि ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

### विधायक को ज्ञापन सौंप की अंडर पास मार्ग की मरस्मत करने की मांग

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार के पावनधाम चौक के कट को बंद करने के बाद स्थानीय लोग परेशान है। भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी के नेतृत्व में लोगों ने विधायक से मुलाकात कर कट खोलने और सर्वानंद घाट अंडर पास मार्ग की मरस्मत करने की मांग की। जिस पर विधायक मदन कौशिक ने प्राथमिकता के आधार एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उक्त मार्ग की मरस्मत करने के निर्देश दिए। पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के चलते पावन धाम चौक को कार्यदायी संस्था ने अवरूद्ध कर दिया है। जिस कारण भीमगोडा, खड़खड़ी, दुर्गानगर, भूपतवाला, मुखिया गली के क्षेत्रवासियों व तीर्थयात्रियों को सप्त सरोवर मार्ग पर जाने के लिए हरिपुर से घूमकर आना पड़ रहा है। ऐसे में दोनों क्षेत्रों को जोडने वाला सर्वानन्द घाट-दूधियाबंध अंडर पास मार्ग अत्यन्त क्षतिग्रस्त स्थिति में है। जिसके चलते आवागमन में स्थानीय निवासियों, तीर्थयात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्षद अनिल वशिष्ठ और विनित जौली ने कहा कि अंडर पास की मरस्मत से जहां हाईवे सर्विस लेन पर यातायात का दवाब कम होगा। वहीं क्षेत्रवासियों को सप्त सरोवर क्षेत्र में जाने में सुगमता होगी। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि विदित शर्मा, मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर, भाजप नेता डॉ. विशाल गर्ग, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, विकास तांत्रिवाल, आकाश भाटी, दिनेश शर्मा, रूपेश शर्मा, नाथीराम प्रजापति, गोपी सैनी, विशाल गुप्ता आदि शामिल रहे।

### पूर्व सीएम ने किया सम्मानित

हरिद्वार। नवभारत पत्रकार एसोसिएशन द्वारा मध्य हरिद्वार स्थित एक होटल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने समाजसेवी , मेधावी छात्रों और उद्योगपतियों सहित विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बाबा हठयोगी, स्वामी ऋषिश्वरानंद, योगी सत्यव्रतानंद, वसुंधरा डेवलपर्स फाउंडेशन राजस्थान के फाउंडर सोहन सिंह गोदारा, डायरेक्टर पंकज कुमार ड्रीम कैचर के डायरेक्टर वीरेंद्र नाथावत, विक्रम शेखावत,हरियाणा की समाजसेवी कमलेश वर्मा, मुम्बई से लव कपूर, गजेंद्र यादव, दिल्ली से श्रीकांत शर्मा एवं नवभारत पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल एवं महामंत्री विक्की सैनी, कोषाध्यक्ष शशांक सिखोला आदि शामिल रहे।

### गंगा दशहरा पर्व आज

हरिद्वार। गंगा दशहरा पर्व मंगलवार को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गंगा दशहरा के दिन हरकी पैड़ी पर स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। गंगा दशहरा के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने हरिद्वार पहुंचते हैं। सोमवार को ज्योतिषाचार्य प्रतीक मिश्रपुरी ने बताया कि गंगा जब धरती पर आईं तो दस योग विद्यमान थे। मंगलवार को गंगा दशहरा के दिन दस में से पांच योग मिलेंगे। साथ ही मध्यान काल में गंगा का पूजन होगा। अभिजित मुहूर्त 11:47 बजे से 12:40 बजे तक रहेगा। इस दौरान सिंह लगन होगा और यह समय स्नान के लिए शुभ होगा।

# वर्चुअल वर्ल्ड वाले खेलों की जगह वास्तविक खेलों को खेलने की दी सीख

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढवाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के लोक कला संस्कृति निष्पादन केंद्र की ओर से बाल रंग यात्रा के दूसरे दिन नाट्य समारोह का शुभारंभ प्रसिद्ध जन कवि डॉ. अतुल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने बच्चों के अंदर नाटक और ड्रामा की विधाओं को जागृत करने पर लोक कला निष्पादन केंद्र की सराहना की। इस मौके पर द मार्शल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हेमंत राय द्वारा लिखित नाटक अनशन का मंचन किया। नाटक में दिखाया गया कि बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास उनके सुनहरे भविष्य के लिए पढ़ाई लिखाई तथा सामाजिक ज्ञान जितना जरूरी होता है, उतना ही जरूरी होता है खेल खेलना। इसी मुद्दे पर आधारित नाटक की विषय वस्तु तथा उसकी कहानी सामाजिक मुद्दों एवं बच्चों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर जोर देती नजर आई। नाटक की कहानी के पात्रों के जरिए लेखक ने बच्चों पर वर्चुअल वर्ल्ड वाले खेलों का खंडन करते हुए वास्तविकता वाले खेल खेलने पर जोर दिया। जिससे बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक स्तर में बढ्धि हो सके। आयोजन सचिव डॉ. संजय पांडे ने कहा कि विभिन्न स्कूलों में कार्यशालाओं में तैयार किए गए नाटकों को 31 मई तक नाट्य महोत्सव में मंचित किया जाएगा। एमए रंगमंच के छात्र हेमंत राय एवं मधु कुमारी ने अनशन नाटक का निर्देशन किया। नाटक में संस्कार, गौरव, अंश भंडारी, दिव्यांशु कैंतुरा, दिव्यांशु भट्ट, नैतिक, अनिकेत, वानिया, समक्ष, शौर्य, अग्रिमा, सृष्टि, प्रज्ञा, मानवी, ऋषभ, अभिनव, आयुष्मान, आराध्या, हिमांशु, गर्वित, अक्षिता, साकार आदि ने अभिनय किया।

# मंदिर के सामने खुली शराब की दुकान हटाने की गुहार

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुंजा गांव में शिव मंदिर के सामने खुली अंग्रेजी शराब की दुकान को हटाने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम दरबार में गुहार लगाई है। सोमवार को ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे औ एसडीएम को मामले में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि साजिश के तहत उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि घनी आबादी के बीच शिव मंदिर के सामने शराब की दुकान खोल दी गई है। दुकान खुलने से पहले से ही ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे। मंदिर के सामने दुकान खुलने से श्रद्धालुओं को शाम को आरती करना भी मुश्किल हो जाएगी। कहा कि गांव में पहले से ही स्मैक, चरस, गांजा समेत अन्य नशीले पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त बड़े पैमाने पर होती है, अब शराब की दुकान खुलने से गांव का माहौल और अधिक बिगडने का खतरा पैदा हो गया है। शराब की दुकान खुलने से गांव की महिलाओं का सडक़ पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के सामने और आबादी के बीच में शराब की दुकान का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। बताया कि तीन दिन पूर्व प्रदर्शन कर शराब की दुकान को बंद करा दिया गया था, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। बावजूद अभी तक शराब की दुकान का संचालन बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जल्द शराब ही दुकान को हटाने की मांग की है। तहसील मुख्यालय पहुंचने वालों में राजू, दीपक, सुखवीर, विनोद, इसरार, शेर अली, इरफान, वहीद, अलादीन, जग्गू, दयाचंद, संदीप, प्रदीप आदि शामिल रहे।

# 25 छात्र-छात्राओं को बालरत्न सम्मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। मिशन शिक्षण संवाद जनपद इकाई रुद्रप्रयाग द्वारा चतुर्थ शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी, छात्रवृति वितरण, बाल रत्न एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि में हुए सम्मान समारोह में 25 छात्र छात्राओं को बालरत्न सम्मान, 10 छात्रों को राजीव नवोदय विद्यालय में चयनित होने तथा 10 छात्रों को राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रत्येक को एक हजार की छात्रवृति प्रदान की गई। इसके साथ ही 15 शिक्षकों को शिक्षा उन्नयन में बेहतर कार्य करने पर उत्कृष्ठ शिक्षक सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. पीएस जगवाण ने कहा कि मिशन शिक्षण संवाद द्वारा किये जा रहे कार्य बहुत सराहनीय हैं। मिशन शिक्षण संवाद ने चुनौतीपूर्ण समय में भी श्रेष्ठ कार्य किए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीईओ विनोद प्रसाद सिमल्टी द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं से शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व मिशन शिक्षण संवाद के मंडल प्रभारी माधवसिंह नेगी द्वारा मिशन शिक्षण संवाद की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक गिरीश बेंजवाल, हेमन्त चौकियाल, सुधांशु बेंजवाल, गिरीश ब?ोनी ने अपने संबोधन में मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा छात्र हित में किये जा रहे नवाचारी कार्यक्रमों की सराहना करते हुये मिशन कर्मयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि उप शिक्षा अधिकारी नन्दा चन्द्रा एवं डॉ. गीता नौटियाल द्वारा मिशन शिक्षण संवाद के स्वयं सेवियों के साथ भविष्य में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से कमल बिष्ट, हेमन्त कुमार चौकियाल एवं माधव सिंह नेगी ने किया। इस अवसर पर सेनि शिक्षक दुर्गा भट्ट, शूरवीर भारती, राज मोहन रावत, दिगम्बर राणा, पुरुषोत्तम भट्ट, प्रेम सिंह रावत, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों सहित जनपद के मिशन शिक्षण संवाद से जु?े शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं ब?ी संख्या में मौजूद थे।

## पौड़ी में पांच से रहेगी ग्रीष्मोत्सव की धूम

पौड़ी। शहर में 5 जून से ग्रीष्मोत्सव की धूम रहेगी। ग्रीष्मोत्सव के तहत फुटबाल प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। पौड़ी के नगरपालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने बताया कि 5 से 11 जून तक ग्रीष्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्मोत्सव के तहत स्थानीय क्लबों, शिक्षण संस्थाओं, नटराज डांस ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही इंदर आर्य, सौरभ मैठाणी, प्रकाश बिष्ट द्वारा कुमाउनी व गढ़वाली गीत संध्या, पिंकी कोहली ग्रुप दिल्ली द्वारा हिंदी गीत संध्या, दर्शन सिंह फर्स्वाण, अनिल बिष्ट व पूनम सती द्वारा गढ़वाली गीत संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही ग्रीष्मोत्सव में कैरम, शतरंज, ड्राइंग, वालीबॉल, महिला कीर्तन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जरूरी

पौड़ी। एंटी ड्रग सेल राठ महाविद्यालय पैठाणी द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पैठाणी में ग्रामवासियों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। एंटी ड्रग सेल के सदस्य डा. वीरेंद चंद ने कहा की समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं जिन्होंने समाज में परिवर्तन करके दिखाया है। पहा? में कई ग्राम सभाएं हैं जहां शराब पर पाबंदी लगाई गई है। सदस्य राम सिंह नेगी ने कहा है की गांव में शराब पीकर शोर किया जाता है लेकिन लोग चुप रहते हैं, जो समाज के लिए घातक होता है। सदस्य उमेश चंद्र बंसल ने कहा की नशे से जो आर्थिक नुकसान होता है उसकी भरपाई होना बेहद कठिन होता है। डा. अखिलेश कुमार सिंह नें कहा की समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जरुरी है। गोष्ठी को महाविद्यालय की छात्र परिषद की अध्यक्ष गरिमा व सांस्कृतिक सचिव नेहा ने भी संबोधित किया। पुलिस सब इंस्पेक्टर रमेश सिंह जया?ा ने कहा कि पुलिस की तरफ से कई टोल फ्री नंबर दिए गए हैं उन पर लोग नशा करने वालों की शिकायत कर सकते हैं। पुलिस कर्मी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जब तक हम अपनें बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक नशा समाप्त नहीं किया जा सकता है।

## 6 साल के बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया

श्रीनगर गढवाल। नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत बिल्वकेदार का रहने वाला एक 6 साल का बच्चा श्रीनगर में दादी का घर भूलकर भटक गया। स्थानीय निवासी मनोज जोशी ने थाना श्रीनगर पर इस संदर्भ में सूचना दी कि थाना रोड पर एक बच्चा अकेले घूम रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को सांत्वना देते हुए अपने विश्वास में लेकर बच्चे से उसके घर के बारे में पूछा। पूछने पर बच्चे के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसके परिजनों की तलाश की। जिस पर उसका भाई व दादी निवासी बांसवाड़ा श्रीनगर पुलिस थाने में पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि बच्चे का घर बिल्वकेदार में है और वह इन दिनों अपनी दादी के साथ बांसवाड़ा में रह रहा है। इसके बाद उक्त बच्चे को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## गुमशुदा व्यक्ति का शव मिला

श्रीनगर गढवाल। श्रीनगर पुलिस ने बिल्वकेदार के पास अलकनंदा नदी किनारे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त मुकेश सिंह बिष्ट निवासी सिंदरी चौरास हाल निवास अपर बाजार के रूप मे हुई है। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि मुकेश सिंह बिष्ट की गुमशुदगी उनके परिजनों द्वारा कोतवाली श्रीनगर में दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया गया था कि उक्त व्यक्ति ने गत 23 मई को अलकनंदा नदी में छलांग मार दी थी। जिसकी तलाश थाना पुलिस टीम और एसडीआरएफ की टीम के द्वारा लगातार अलकनंदा नदी में की जा रही थी। कहा सोमवार को उक्त व्यक्ति के शव को बरामद कर दिया गया है। परिजनों को इसकी सूचना देकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए बेस अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया है।

## चित्रकार बी. मोहन नेगी की स्मृति में समर कैंप शुरू

श्रीनगर गढवाल। ऑल इंडिया डीएसओ छात्र संगठन की ओर से प्रसिद्ध चित्रकार बी. मोहन नेगी की स्मृति में पांचवे समर कैंप का शुभारंभ बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में किया गया। समर कैंप का उद्घाटन करते हुए बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर की प्रधानाचार्य सुमन लता पंवार ने कहा कि बच्चों के अंदर कुछ ना कुछ रचनात्मकता होती है, समर कैंप उसे निखारने का कार्य करता है।

उन्होंने कहा इस तरह का प्रयास सराहनीय है। प्रसिद्ध जनकवि अतुल शर्मा ने कहा कि समाज के निर्माण में बच्चों का अहम योगदान होता है। उन्होंने नदी तू बहती रहना गीत से बच्चों के साथ संगत की। सरस्वती लर्निंग एकेडमी के प्रबंधक राजेंद्र नेगी ने कहा कि बच्चे जहां मोबाइल की दुनिया से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, वहां ऐसा रचनात्मक प्रयास होना बहुत बड़ा काम है। समर कैंप के पहले दिन गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र हरेंद्र ने बच्चों को पेंटिंग के गुर सिखाए। छात्रा शालिनी गोदियाल ने समूह नृत्य, हेमंत राय वह मधु ने थिएटर का प्रशिक्षण दिया। जबकि अंजलि बुटोला, कुलदीप ने बच्चों को संगीत सिखाया। कैंप में नगर के विभिन्न स्कूलों के चौथी से दसवीं कक्षा के बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। रेशमा व कुलदीप रमोला ने बताया कि समर कैंप 4 दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा दशहरा के पहले दिन मां सुरकंडा के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

नई टिहरी। गंगा दशहरे के प्रथम दिन सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भी? जुटी। दिन भर कतारों में लगे लोगों का मंदिर में आना जारी रहा। लोगों ने मां सुरकंडा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर में गंगा दशहरे की प्रथम दिन विभिन्न स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जिन्होंने मां के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। लोगों का मंदिर में आना सुबह से ही शुरू हो गया था, जो दिन भर जारी रहा। सुबह सर्वप्रथम गंगा जल से मां की मूर्ति को स्नान कराकर भोग चढ़ाया गया, फिर मां की पूजा अर्चना संपन्न हुई। उसके बाद बारी-बारी से लोगों ने मां के दर्शन किए। दूर-दूर से ढोल नगाड़ों के साथ लोग मंदिर पहुंचे और मां के दर्शन किए। बीच-बीच में मौसम भी खराब होता रहा। हल्की बारिश और कोहरे के बावजूद भी लोगों में मां के दर्शन के लिए खासा उत्साह देखा गया। मां के दर्शनों को श्रद्धालुओं की कतारें भी लगी। इस दौरान लोग देवी के प्रांगण में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते रहे। सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर इकलौता सिद्धपीठ है, जहां गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर मां के दर्शनों का विशेष महत्व है, इसलिए श्रद्धालु इस समय मंदिर में अधिक संख्या में पहुंचते हैं। कल (आज) दशहरे के मुख्य दिन मंदिर में सुबह सबसे पहले विशेष पूजा होगी, उसके बाद दिन में मां भगवती नृत्य कराया जाएगा। इस मौके पर मंदिर समिति से जु?े कलम सिंह ज?धारी, रामकृष्ण डबराल, विनोद सिंह, सुखपाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रीति ज?धारी, पुजारी सोहन लाल लेखवार, जीत सिंह, अजय सिंह, आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।

### टिहरी के रविंद्र को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी

नई टिहरी। जवाहर लाल नेहरू स्टेडिम में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 10 और 5 हजार मीटर दौड़ में टिहरी के थौलधार ब्लाक के ग्राम क्यारी के रविंद्र सिंह राणा (18 वर्ष) पुत्र भीम सिंह राणा ने गोल्ड मेडल जीता है। रविंद्र की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र व गांव में खुशी की लहर है। सामान्य परिवार और साधारण कृषक के बेटे की उपलब्धि से लोग खासे उत्साहित हैं। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य (बंस्यूल) जयवीर सिंह रावत ने बताया कि बचपन में ही रविंद्र की मां की मृत्यु हो गई थी। रविंद्र को उसके दादा त्रेपन सिंह व दादी इलमा देवी ने पाला-पोषा है। बीते वर्ष दादी की भी लंबी बीमार के बाद मौत हो गई। रविंद्र ने तमाम परेशानी झेलने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। रविंद्र का चयन नेपाल में होने वाले अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए भी हुआ। लगातार खेलों में सक्रियता के चलते रविंद्र को यह उपलब्धि मिली है। दादा त्रेपन सिंह, पिता भीम सिंह राणा, अध्यापक सोबेंद्र सिंह रावत, ग्राम प्रधान रेशमा राणा, क्षेपंस गोपाल चमोली, मामा सुंदर सिंह, चैन सिंह, तेग सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह रावत, पूर्व प्रधान हुकुम दास, बचन दास, रामकृष्ण नौटियाल आदि ने रविंद्र को इस उपलब्धि के बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

### संयुक्त निदेशक प्रो. उनियाल ने किया महविद्यालय का निरीक्षण

नई टिहरी। संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. एएस उनियाल ने राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गईं। प्रो. उनियाल ने प्राध्यापकों से छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की बात कही। प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत कराया। छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव प्रियभरत व महासंघ कोषाध्यक्ष नवीन ने उन्हें महविद्यालय में एमए भूगोल, शिक्षा शास्त्र, बीए गृह विज्ञान, बीएससी कंप्यूटर साइंस की संस्तुति दिये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। संयुक्त निदेशक ने महाविद्यालय के पुस्तकालय व परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा कि, नैक की ओर से किये जाने वाले मूल्यांकन की तैयारियों को महाविद्यालय को कंप्यूटर, प्रिंटर आदि के लिए पांच लाख की राशि दी जायेगी। इस मौके पर डॉ.अर्चना धपवाल, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ. एमएन नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.पारुल रतूड़ी, डॉ.आदिल, डॉ.शीतल, डॉ. इलियास, डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. रंजू उनियाल, डॉ. सृजना राणा, डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ.कृष्णा मिश्रा, डॉ.प्रियंका, डॉ.यतिन काला, शौकीन सजवाण, मैताब सिंह आदि मौजूद रहे।

### एचएम संस्थान नई टिहरी में नामांकन शुरु

नई टिहरी। उत्तराखंड तकनीकी विवि से संबंध स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन संस्थान नई टिहरी में होटल मैनेजमेंट प्रवेश हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संस्थान निदेशक ने छात्रों से नामांकन प्रक्रिया दाखिल करने को कहा है। एचएम संस्थान के निदेशक डॉ. यशपाल सिंह नेगी ने बताया कि चार वर्षीय होटल प्रबंधन में 60 सीटों तथा दो वर्षीय मास्टर इन होटल प्रबंधन की 30 सीटों पर प्रवेश के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बताया अब तक करीब 120 छात्रों द्वारा नामांकन करवाया गया है। संस्थान में छात्रों की गुणवत्ता पढ़ाई के लिये बेहतर सुविधा की व्यवस्था है। जिसके तहत संस्थान में कंवाटिटी रसोई प्रशिक्षण(क्यूटीके), रेस्तरां, एडवांस प्रयोगशाला, बेकरी, बेसिक ट्रेसिक ट्रेनिंग प्रयोगशाला, पुस्तकालय, ई लाइब्रेरी के साथ छात्रों के लिये नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी (एडीएल) में भी नामांकन की सुविधा है। बताया मेरिट के आधार संस्थान में छात्रों के दाखिले की प्रक्रिया विवि स्तर के मानकों के अनुरुप की जानी है। उन्होंने प्रवेश के इच्छुक छात्रों से शीघ्र नामांकन करने को कहा है। बताया गत वर्ष तकनीकी विवि से संस्थान को उच्च रैंक प्राप्त होने के बाद संस्थान को और अधिक सुविधाऐं मिलनी शुरू हो गई है।

### मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति महिलाओं एवं किशोरियों को किया जागरूक

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से जनपद में मासिक धर्म स्वच्छता को पखवाड़ा शुरू हो गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद के मुख्य चिकित्सालयों में गोष्ठियां आयोजित होंगी। जिसमें किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति सजग एवं जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य से जु?ा एक मानवधिकार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक माहवारी को जीवन का सामान्य तथ्य बनाने की थीम के साथ इस वर्ष 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। बताया कि जनपद में 11 जून तक माहवारी स्वच्छता पखवा?े का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला चिकित्सालय व ब्लाक स्तर के सभी मुख्य चिकित्सालयों में सेनेटरी नैपकीन व आईएफए काउंटर स्थापित किए गए हैं।

### मरीजों ने ईएनटी शिविर का उठाया लाभ

पौडी। द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में से दो दिवसीय ईएनटी चिकित्सा परीक्षण शिविर के पहले दिन 156 व दूसरे दिन 141 कुल 297 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीती बिष्ट ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डा. समीर टोपनो ने नाक, कान, गले के रोग से संबंधित जुड़ी बीमारियो के 297 मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें 41 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया।